तापमान

अधिकतम 30 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

# हरिभूमि धमतरी भूमि

रायपुर, रविवार 10 नवंबर 2024



11 जिले के 35 प्रतिशत उपभोक्ताओं ने नहीं कराई ...






12 गोपाष्टमी पर यादव समाज ने निकाली शहर में भगवान ...






## खबर संक्षेप

### निगम के नियमित कर्मचारी 12 से हड़ताल पर रहेंगे

**धमतरी।** नगर पालिका निगम धमतरी के नियमित अधिकारी एवं कर्मचारी 12 से 14 नवंबर प्रदेशस्तरीय हड़ताल में शामिल होंगे। ज्ञात हो कि 6 सूत्री मांगों के लिए शासन ने अभी तक किसी प्रकार का पहल नहीं की है, जिसके कारण प्रदेश के 184 नगर निगम , नगरपालिका, नगर पंचायत के अधिकारी एवं कर्मचारी हड़ताल पर जायेंगे। धरना प्रदर्शन बिलासपुर नगर निगम के पास किया जाएगा। यह जानकारी नवयुक्त कर्मचारी अधिकारी संघ के प्रदेश प्रवक्ता मंगलू निर्मलकर, प्रदेश उपाध्यक्ष मोहम्मद शेरखान, जिला अध्यक्ष देवेश चंदेल, प्रदेश सचिव ऋषभ ठाकुर, प्रदेश महामंत्री तरुण गजेंद्र ने दी है।

### देवउठनी 12 एवं कार्तिक पूर्णिमा 15 को

**धमतरी।** विप्र विद्वत परिषद ने बताया कि देव पंचांग के अनुसार इस वर्ष कार्तिक मास शुक्ल पक्ष 12 नवम्बर मंगलवार को प्रबोधिनी एकादशी का पर्व मनाया जायेगा। 15 नवम्बर को कार्तिक पूर्णिमा मनाई जायेगी। परिषद के अध्यक्ष पंडित अशोक कुमार शास्त्री ने बताया कि प्रबोधिनी एकादशी पर सालिकग्राम एवं तुलसी विवाह का उत्सव मनाया जाता है। मीडिया प्रभारी पंडित राजकुमार तिवारी ने कहा है कि घरों के आंगन में स्थित तुलसी चौरा में प्रबोधिनी एकादशी के दिन गन्ने का मंडप सजाकर सालिकग्राम एवं तुलसी की पूजा-अर्चना कर मनवांछित फल की कामना करते हैं। प्रबोधिनी देवउठनी एकादशी के दिन से ही चतुर्मास की समाप्ति एवं शुभ मंगल कार्य प्रारंभ हो जाता है।

### मानसिक रोगी ने लगाई फांसी

**मगरलोड।** ग्राम सरगी में मानसिक रोगी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। थाना से मिली जानकारी अनुसार 8 नवंबर को ग्राम सरगी निवासी टिकेश्वर ध्रुव के चाचा देवकरण ध्रुव पिता चैनसिंग ध्रुव उम्र 34 वर्ष ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। उन्होंने पुलिस को बताया कि उसके चाचा देवकरण ध्रुव की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। गांव में मांग मांग कर भोजन खाता था तथा किसी भी घर के समाने, चौक-चौराहों पर सो जाता था। शुक्रवार को परिवार के सभी लोग खेत व बच्चे स्कूल गए थे। शाम 4.30 बजे खेत से आकर देखा कि उसका चाचा बरामदे के छज्जे के लोहे के हुक में प्लास्टिक रस्सी में फांसी पर लटका हुआ था। घटना की सूचना तुरंत पुलिस थाने को दी गई। जांच अधिकारी हवलदार विरेन्द्र चंद्राकर ने बताया कि मर्ग कायम, पंचनामा, पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

■ सरगी गांव की घटना

---

पूरा घटनाक्रम सीसीटीवी कैमरे में हुआ कैद, एक संदिग्ध व्यक्ति नजर आ रहा

# ज्वेलरी शॉप से चांदी के जेवर ले उड़े चोर

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ज्वेलरी दुकान के शटर का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने भीतर रखे चांदी के जेवर व नकदी की चोरी कर ली है। पूरा घटनाक्रम सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया, जिसमें एक संदिग्ध व्यक्ति दिख रहा है।







पुलिस के अनुसार स्थानीय नयापारा वार्ड निवासी प्रवीण वर्मा पिता राधेश्याम उम्र 46 वर्ष रिसाईपारा में म्युनिस्पिल स्कूल के पास राधेकृष्ण ज्वेलर्स की दुकान चलाता है। प्रवीण शुक्रवार की रात्रि दुकान बंद कर शटर में ताला लगाकर अपने घर चला गया। इसी दौरान अज्ञात चोर शटर का ताला तोड़कर दुकान में प्रवेश कर भीतर रखे चांदी के जेवर व नकदी 17 हजार कुल 95 हजार की चोरी कर फरार हो गया। शनिवार की सुबह 3.19 बजे पड़ोस में रहने वाले सौरभ लिखी ने प्रवीण को फोन करके उसकी ज्वेलरी दुकान का शटर आधा खुले होने की जानकारी दी। सूचना पर संचालक तत्काल दुकान पहुंचा। भीतर जाने पर पूरा सामान इधर-उधर बिखरा पड़ा था। चेक करने पर दुकान में रखे चांदी के नये व पुराने जेवर व बेन्टेक्स की ज्वेलरी सहित नकदी 17 हजार रूपये गायब थे। पीड़ित दुकान संचालक ने शनिवार को सिटी कोतवाली पहुंचकर घटना की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 332-4, 305-ए के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। बताया जाता है कि चोरी की घटना दुकान व आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा में कैद हो गई है, जिसमें एक संदिग्ध व्यक्ति दिख रहा है।

### इन जेवरों की हुई चोरी

चोर ने ज्वेलरी शॉप से चांदी की पायल 44 जोड़ी, बिछिया 1 पैकेट, अकोड़ा 1 पैकेट, नजरिया पायल 2 पैकेट, बाजूबंद 1 पैकेट, कटार 1 नग, घुंघरू 1 पैकेट, चाबी गुच्छा 1 पैकेट, चैन अकोड़ा 1 पैकेट, चांदी की पूजा सामग्री 1 पैकेट, चांदी के अन्य आभूषण, चांदी के पुराने जेवर लगभग 1 किलोग्राम, बेन्टेक्स हार 1 ग्राम, पॉलिस वाला हार 3 नग, बेन्टेक्स जुड़ी 16 नग सहित अन्य मिक्स आभूषण की चोरी की है।

# झाड़ियों में मिला नवजात का शव, फैली सनसनी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



बबूल पेड़ के पास झाड़ियों में एक नवजात का शव मिलने से आसपास सनसनी फैल गई है। नवजात को पॉलीथिन में भरकर फेंका गया था। पुलिस ने पंचनामा की कार्रवाई की है।

मिली जानकारी के अनुसार शनिवार की दोपहर विंध्यवासिनी वार्ड के अंतिम छोर में शीतला मंदिर के पास नाला किनारे स्थित बबूल पेड़ के समीप झाड़ियों में एक नवजात शिशु का शव पाया गया। शव को दो पॉलीथिन में भरा गया था। वहीं पॉलीथिन में फेंके गए नवजात के शव के ऊपर एक थैला रखा हुआ था। घटना की खबर फैलते ही आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई की। तत्पश्चात रक्तदान एम्बुलेंस की मदद से शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल के मर्च्यूरी भेज दिया। शव का आज रविवार को पोस्टमार्टम होगा। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। झाड़ियों में नवजात का शव मिलने से तरह-तरह की चर्चा हो रही है। बताया जा रहा है कि शव को किसी अज्ञात ने दोपहर में फेंका होगा क्योंकि जिस समय लोगों ने शव को देखा तो पॉलीथिन के भीतर खून फैला हुआ था। इसे अवैध संबंध की परिणीति भी बता रहे हैं। शव पूरी तरह से विकसित एक बच्ची है। फिलहाल पुलिस अस्पताल के सीसीटीवी कैमरे की फुटेज की जांच कर रही है। मामले का बहुत जल्द खुलासा हो सकता है।

■ पॉलीथिन में डालकर फेंका गया था

# न्यूनतम तापमान में परिवर्तन की संभावना नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ठण्ड का इंतजार कर रहे लोगों को अभी और सब्र करना पड़ेगा। आगामी तीन दिनों में न्यूनतम तापमान में विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। मौसम सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार उत्तर के पहाड़ी क्षेत्र में अभी तक बर्फबारी शुरु नहीं हो पाई है। आगामी सप्ताह तक बर्फबारी के लिए अनुकूल परिस्थितियां नहीं है। बंगाल की खाड़ी से हवा प्रदेश में आ रही है। इससे दोपहर का तापमान 32 डिग्री के आसपास बना हुआ है। इस समय उमस भरी गर्मी का अहसास होता है। 20 नवंबर तक पहाड़ी क्षेत्र में बर्फबारी हो सकती है। इसके बाद कड़ाके की ठंड पड़ने की संभावना है।

मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार अधिकतम तथा न्यूनतम तापमान 32 डिग्री से 20 डिग्री के आसपास रहने की संभावना है। आगामी 3 दिनों तक न्यूनतम तापमान में विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। आकाश में सिस्टम निरंक हैं। प्रदेश में मौसम के शुष्क रहने की संभावना है।

# कुछ ही घंटों में दूर हो गई कॉलोनी की समस्या



खबर का असर

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

हरिभूमि की खबर को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों ने कुछ ही घंटों में पाइप लाइन की मरम्मत करवा ली। रूद्री की सड़कों पर पानी बहना बंद हो गया है। इससे कॉलोनीवासियों ने राहत की सांस ली है।

रूद्री में जल संसाधन विभाग की कॉलोनी में पानी टंकी की सप्लाई पाइप फूट गई थी। करीब 3 माह तक इस ओर किसी ने ध्यान नहीं दिया। फूटी पाइप से लगातार पानी निकलने से कॉलोनी में तालाब जैसा नजारा था। घरों के सामने पानी भर गया था। शुक्रवार के अंक में हरिभूमि ने इस खबर को प्रकाशित किया था। इसके बाद अधिकारियों ने तत्काल ही इस ओर ध्यान दिया। तीन महीने से चली आ रही कॉलोनीवासियों की समस्या कुछ ही घंटों में दूर हो गई। पाइप लाइन की मरम्मत करने के बाद पानी का लीक होना बंद हो गया है।


## पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969


# ड्राइवर की संदेहास्पद मौत से मचा हड़कंप

■ जिस मेटाडोर का ड्राइवर था उसी के डाला में लटका मिला शव

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद/धमतरी





धमतरी के अर्जुनी में मेटाडोर ड्राइवर की मौत से हड़कंप मच गया है। ड्राइवर का शव उसी मेटाडोर के डाला में लटकता मिला जिसका वह स्वयं चालक था। परिजनों ने युवक के शव को देखकर संदेह जताया कि यह आत्महत्या नहीं हो सकती। वहीं पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की विवेचना कर रही है।

मिली जानकारी के अनुसार धमतरी से खपरी मार्ग पर अर्जुनी मोड़ से कुछ दूरी पर ही गुड्डा मेटाडोर ट्रांसपोर्ट के ड्राइवर प्रफुल्ल कुमार उर्फ मोनू पिता दिलीप साहू उम्र करीब 24 वर्ष ग्राम जोरातराई (सिलौटी) निवासी की लाश उसी की गाड़ी के डाले पर लटकी देखी गई। इसकी सूचना शनिवार सुबह ग्रामीणों ने मेटाडोर के मालिक व पुलिस को दी। तत्पश्चात शव की शिनाख्ति करने के बाद इसकी सूचना परिजनों को दी गई। उनकी उपस्थिति में शव को फंदे से उतार पंचनामा कार्रवाई कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

### खाना खाने रुका रहा होगा मोनू

मौके पर मौजूद एक अन्य ड्राइवर ने बताया कि मृतक मोनू मस्तमौला लड़का था। उसे किसी बात की कोई फिक्र थी जिसका जिक्र उन्होंने किसी से नहीं किया था। घटना के पहले दिन वह अपनी मेटाडोर में रद्दी-पुट्ठा माल लोडकर रवाना होने वाला था। शायद वह घटनास्थल पर खाना खाने रुका रहा होगा। लेकिन अगली सुबह उसका लटकता हुआ शव देख सभी हतप्रभ है।

### मृतक के पिता ने मौत को बताया संदेहास्पद

मृतक के पिता दिलीप साहू का कहना है कि उसका बेटा आत्महत्या नहीं कर सकता। उसका वाहन व उसके बेटे की लाश दोनों संदेहास्पद है। गाड़ी की केबिन खुली हुई है जिसे एक अकेला नहीं खोल सकता। लटके हुए शव के नीचे कोई वस्तु नहीं है जिस पर वह खड़ा होकर फांसी लगाकर झूल सके। अगर फांसी लगाई भी हो तो उसके तड़पने का कोई निशान नहीं दिख रहा है। दोनों पैरों में चप्पल लगी हुई है, न ही जीभ बाहर दिख रही है। यह आत्महत्या नहीं हत्या है। उन्होंने इसकी बारीकी से जांच करने की मांग पुलिस प्रशासन से की है।

### पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही बता पाएंगे

इस पूरे मामले में अर्जुनी पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा है। फिर भी हम हर पहलुओं से जांच कर रहे हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आ जाने के बाद ही बता पाएंगे कि मौत कैसे और कब हुई है।


# लीला देवी कॉलेज ऑफ नर्सिंग एण्ड फार्मेसी

मन एवं मनुष्याणां कारणं बन्धमोक्षयोः ।

बी एस सी नर्सिंग [60 Seats]

डिप्लोमा इन फार्मेसी [60 Seats]

प्रवेश का अंतिम चरण
अंतिम तिथि 25 नवम्बर 2024



महाविद्यालय परिसर : ग्रेटर रायपुर, मोतीपुर, जामगांव रोड तह. पाटन, जिला. -दुर्ग
9131880895, 8319870997

6, इंस्टीट्यूशनल एरिया, मुखर्जी हॉस्टल के पीछे, शासकीय विज्ञान महाविद्यालय, रायपुर
8370077700, 7024125200

World Class Infrastructure | Best Sports Complex & Facilities | Hostel and Transport Facility | Highly Equipped Laboratories | Rich library with 5000 Books | Green and Hi-tech Campus | Qualified and Experienced Faculties | 108 beded Parent Hospital

निः शुल्क पंजीयन व परामर्श प्रपत्र हेतु स्कैन करें

LEELA DEVI COLLEGE OF NURSING & PHARMACY

JOIN THE WORLD CLASS CAMPUS FOR PROFESSIONAL STUDIES

www.leelasgroup.com


इंडोर स्टेडियम में राज्यस्तरीय कराते स्पर्धा शुरू

# कराते में 250 से अधिक लड़कियां दिखा रहीं दम

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



स्व. राजेश गंजीर की स्मृति में जिला एवं राज्य कराते संघ द्वारा राज्य स्तरीय कराते प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है।

दो दिवसीय इस प्रतियोगिता का शुभारंभ शनिवार को भाजपा प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा ने किया। जिला कराते संघ के अध्यक्ष अशोक सिन्हा ने बताया कि प्रत्येक वर्ष स्व. राजेश गंजीर की स्मृति में प्रदेशस्तरीय कराते प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में 9 एवं 10 नवंबर को इंडोर स्टेडियम आमातालाब में यह प्रतियोगिता आयोजित है।

प्रतियोगिता में बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, बेमेतरा, बीजापुर जिले के 400 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं जिनमें 250 से अधिक लड़कियां हैं। उन्होंने बताया कि कराते प्रतियोगिता का उद्देश्य आत्मरक्षा एवं सुरक्षा है। आज के बदलते माहौल में हर लड़की को आत्मरक्षा के लिए कराते सीखना जरूरी है।

### पूजा-अर्चना कर नवनिर्मित चबूतरे पर सत्ती माता की गई प्राण-प्रतिष्ठा

# सेमरा में सहस्त्रबाहु जयंती पर निकली कलशयात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी

ग्राम सेमरा (भखारा) में डड़सेना कलार समाज द्वारा इस वर्ष भी परंपरानुसार भगवान सहस्त्रबाहु की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर डीजे के साथ भव्य शोभा व कलश यात्रा निकाली गई जिसमें समाज की महिलाओं एवं पुरुषों ने उत्साह से भाग लिया। नवनिर्मित चबूतरे में सत्ती माता की प्राण-प्रतिष्ठा की गई।

शुक्रवार को सेमरा के गुफाभाठा स्थित सत्ती माता से प्रथम चरण का कार्यक्रम सुबह 11 बजे कथापुजा के साथ हुआ। तुकाराम सिन्हा, माधोराम सिन्हा ने दीप प्रज्वलित कर कलश यात्रा प्रारंभ की।





शोभायात्रा में समाज की सैकड़ों महिलाओं एवं बच्चियों ने सिर में कलश धारण कर पूरे गांव का भ्रमण किया। इस दौरान बच्चे-युवा एवं बुजुर्ग गाजे- बाजे में थिरकते हुए वापस गुफाभाठा पहुंचे। यहां नवनिर्मित चबूतरे में सत्ती माता की प्राण-प्रतिष्ठा की गई जिसके बाद मंचीय कार्यक्रम शुरू हुआ। मौके पर अध्यक्ष सुकालूराम सिन्हा, सचिव ललित सिन्हा, सुनील गजेन्द्र, संरक्षक मुरली सिन्हा, प्यारेलाल सिन्हा, नरसिंग गजेन्द्र, राजेश सिन्हा, भूपेन्द्र सिन्हा, लक्ष्मीकांत गजेन्द्र, संजय गजेन्द्र, भगत गजेन्द्र, कैलाश गजेन्द्र, शोभित सिन्हा, सखाराम सिन्हा, नोशन सिन्हा, मन्नू सिन्हा, शंकर सिन्हा, पुष्पा सिन्हा, सविता, विनीता सिन्हा, दुर्गा सिन्हा, माया सिन्हा, चन्द्रकला सिन्हा, अदिति सिन्हा, फूलबाई गजेन्द्र, मधु सिन्हा, राधा सिन्हा, मंजु सिन्हा, सेवती सिन्हा, अंजु सिन्हा सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद थे।

**सामाजिक एकता पर दिया जोर**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलार समाज के पूर्व जिलाध्यक्ष पंकज सिन्हा, जिला कोषाध्यक्ष प्रमोद सिन्हा, जिला संरक्षक दुलार सिन्हा थे। अध्यक्षता नरोत्तम सिन्हा ने की। विशिष्ट अतिथि मण्डलेश्वर हुमेन्द्र गजेंद्र, क्षेत्राधिकारी भागवत सिन्हा, कुरूद मण्डलेश्वर हिरेश सिन्हा, कोषाध्यक्ष मोहन सिन्हा, पूर्व जनपद सदस्य मोतीलाल सिन्हा, बसंत सिन्हा, तीरथ सिन्हा, दिनेश सिन्हा, सरपंच बिनेश्वरी सिन्हा, युवा मंच अध्यक्ष सूरज सिन्हा थे। अतिथियों ने सामाजिक एकता के साथ आर्थिक, शैक्षणिक उन्नति कर देश व प्रदेश में राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया। साथ ही भगवान सहस्त्रबाहु व माता कलारिन बाई की त्याग-तपस्या, बलिदान का बखान कर उनके आदर्शों को आत्मसात कर नशामुक्त समाज के निर्माण में भूमिका निहित करने का आह्वान किया।

## अंगारमोती दाई की मड़ई में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

इस हर वर्ष भी दुगली स्थित अंगारमोती दाई के दरबार में दीपावली त्योहार के बाद आने वाले पहले शुक्रवार को मड़ई मेला का आयोजन किया गया। मां अंगार मोती दाई अपने भक्तों की हर मनोकामना पूरी करती हैं। यहां आने वाले भक्त कभी खाली हाथ वापस नहीं जाते। यहां के पुजारी सीताराम नेताम ने बताया कि यहां मां अंगार मोती विराजमान हैं। मां यहां आने वाले अपने सभी भक्तों की इच्छा पूरी करती हैं। यहां खासकर निःसंतान दंपत्ति संतान प्राप्ति की मनोकामना लेकर ज्यादा आते हैं और माता उनकी इच्छा जरूर पूरी करती हैं। मौके पर अंगार मोती सेवा समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र राज ध्रुव, कोषाध्यक्ष शंकर लाल नेताम, सचिव मनहरण डोंगरे, सहसचिव भावसिंह मरकाम, शीतला पुजारी गुलेश नेताम, वरुण देव नेताम समेत बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

# गुजरा-पीपरछेड़ी के किसान करेंगे दलहन की खेती

- बैठक में ग्रामीणों ने लिया फैसला, नियम के विरुद्ध जाने पर लगेगा अर्थदंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोर्रा(भखारा)

ग्राम पंचायत गुजरा के ग्रामवासियों ने बैठक कर निर्णय लिया है कि इस वर्ष रबी फसल में धान की बजाय दलहन- फसल की खेती करेंगे और जो भी व्यक्ति गांव के विरुद्ध जाएगा उसे अर्थदंड से दंडित किया जाएगा।

यह फैसला ग्रामीण बैठक में लिया गया। बैठक में ग्राम विकास समिति के सदस्य, सरपंच श्रीमती शांतिबाई ध्रुव, पंच, सचिव, ग्राम विकास अधिकारी मेघ नाघवंशी, ग्रामीण कृषि विकास विस्तार अधिकारी, श्यामलाल विश्वकर्मा सचिव गुजरा, नंदलाल साहू ग्राम पटेल, लोकेश सिंह कृषि उत्पादन संगठक, गोविंद साहू जिपं सदस्य,



अमरदीप साहू पूर्व जिपं सदस्य समेत गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। सबने एकमत होकर फैसला लिया कि इस वर्ष सभी लोग दलहन की खेती करेंगे। कहा कि कुछ समय से ग्रामीणों को जलस्तर गिरने की समस्या का सामना करना पड़ा रहा है। धान फसल में पानी का अधिक उपयोग होता है जिसके कारण से गर्मी में हमें पेयजल की समस्या का सामना करना पड़ता है। दूसरी तरफ दलहन फसल की मूल्य वृद्धि से महंगाई का सामना करना पड़ रहा है। इन सब बातों को ध्यान में रखकर ग्रामवासियों ने दलहन की खेती करने का निर्णय लिया है और जो भी ग्रामीण गांव के विरुद्ध जाएगा उसके लिए दण्ड का प्रावधान रखा गया है।

इसी प्रकार ग्राम ग्राम पीपरछेड़ी में भी सामूहिक बैठक आयोजित की गई। प्रत्येक घर से फसल चक्र अपनाने के लिए हस्ताक्षर लेकर निर्णय लिया गया। इस वर्ष रबी फसल में फसल चक्र को अपनाकर दलहन की खेती करेंगे और जो भी गांव के विरुद्ध जाएगा उसे ग्रामीण व्यवस्था के तहत दंडित किया जाएगा। इस प्रकार भखारा कोर्रा क्षेत्र में लोगों में काफी जागरूकता आ रही है और फसल चक्र को अपनाने के लिए सब तैयार हो रहे हैं। फसल चक्र अपनाने से दलहन की खेती करने से दलहन का जो मूल्य आसमान छू रहा है वह कम होगा और जमीन में जल का स्तर भी बना रहेगा।

ज्ञात हो कि ग्राम रांवा, अमलीडीह, तरसींवा, जोरातराई में भी फसल चक्र अपनाने बैठक आयोजित की जा रही है।

## मल्हारी की मड़ई में शामिल हुईं विधायक

- ठाकुर देव महाराज की पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख, समृद्धि मांगी

**नगरी।** सिहावा विधानसभा क्षेत्र के प्रथम देव के रूप में पूजे जाने वाले ठाकुर देव महाराज के प्रांगण ग्राम मल्हारी में विधानसभा क्षेत्र की विधायक अंबिका मरकाम ने सम्मिलित होकर ठाकुर देव महाराज से क्षेत्र में सुख समृद्धि व कुशलता के लिए प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि ग्राम मल्हारी क्षेत्र का ऐसा गांव है जहां हर कार्यक्रम पहले किया जाता है। यहां दिवाली भी एक हफ्ते पहले मनाई जाती है। ठाकुर देव के आशीर्वाद से यहां मड़ई का आयोजन हुआ। इसके बाद अंचल में मड़ई मेले की शुरुआत हो जाती है। मौके पर भरत निर्मलकर विधायक प्रतिनिधि, सचिन भंसाली महामंत्री ब्लाक कांग्रेस कमेटी, अंजोर सिंह निषाद, गणेश राम सूर्यवंशी, मयंक ध्रुव समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# आज आधुनिकता तथा परंपरा के बीच समन्वय बनाए रखने की जरूरत

- भैंसमुंडी में भारत के लिये युवा विषय पर हुई बौद्धिक परिचर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

संत गुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद की रासेयो इकाई 1 का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम भैंसमुंडी में जारी है। चतुर्थ दिवस गुरुवार को 'भारत के लिए युवा' विषय पर बौद्धिक परिचर्चा का आयोजन किया गया। वक्ता ठाकुर राम स्वयंसेवक एवं पूर्व सैनिक कुलेश्वर प्रसाद साहू थे। ठाकुरराम ने अपने वक्तव्य में भारतीय संस्कृति के समृद्ध इतिहास को जानने एवं आधुनिकता तथा परंपरा के बीच समन्वय बनाए रखने की बात कही।



पूर्व सैनिक कुलेश्वर प्रसाद साहू ने कहा कि देश की सेवा करने के लिये केवल बार्डर पर जाना ही जरूरी नहीं है । हम कहीं भी रहकर ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करके देश की सेवा कर सकते हैं। उन्होंने एक कहानी के माध्यम से नवम्बर 1962 के भारत चीन युद्ध की घटना का सजीव चित्रण करते हुए शहीद मेजर शैतान सिंह की बहादुरी एवं वीरता के बारे में स्वयंसेवकों को बताया । उन्होंने माखन लाल चतुर्वेदी की कविता पुष्प की अभिलाषा का पाठ करते हुए देश के सिपाहियों के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की।

मौके पर पूर्व सैनिक रूपेंद्र साहू, उत्तम साहू , सोमप्रकाश निषाद, कार्यक्रम अधिकारी विजय कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

## खो-खो बालिका में शिवम हाऊस ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बगदेही(धमतरी)

शाससकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर में शनिवार को खो-खो इंट्रामुरल प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें स्कूल के हाऊस सत्यम, शिवम, सुंदरम, मधुरम हाउस के सभी छात्र-छात्राओ ने अपने हाऊस के मेंटर के नेतृत्व में हिस्सा लिया। बालिका वर्ग का फाइनल मैच शिवम हाऊस और सत्यम हाऊस के मध्य खेला गया जिसमें शिवम् हाऊस के खिलाड़ी डोमेन, निकिता, यूनिता, मारिया, रवीना, तनुजा, डोमेन, नोमिका सोनी ने 10 अंकों से



विजय हासिल की। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य आरके बघेल थे।

इस अवसर पर संस्था के आरके टंडन, एचके साहू, केके वर्मा, बीके निषाद, जेके साहू, डीके साहू, जीके साहू, एस. अग्रवाल, पी. शर्मा, एस. साहू, जे. ध्रुव, एल. सोन, एम. ठाकुर समेत छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

ज्ञात हो कि प्राचार्य आरके बघेल के मार्गदर्शन में प्रत्येक शनिवार को स्कूल में इस प्रकार का आयोजन किया जाता है।

# शिक्षिका मातृत्व अवकाश पर, अंग्रेजी की पढ़ाई ठप

- शाला विकास विकास समिति, छात्रों एवं पालकों ने शिक्षक की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

ब्लॉक मुख्यालय में शासकीय अंग्रेजी मीडियम प्राथमिक शाला संचालित है। पहली से 5वीं तक 138 बालक- बालिका अध्यनरत हैं। अंग्रेजी माध्यम स्कूल में सीबीएसई कोर्स विषय की पढ़ाई होती है। स्कूल में 28 गांव के बालक- बालिकाएं पढ़ाई कर रहे हैं। विषय विशेषज्ञ




अंग्रेज़ी पाठ्यक्रम की एकमात्र शिक्षिका ऋतु साहू कार्यरत थीं। परंतु वह छह माह के मातृत्व अवकाश पर हैं जिसकी वजह से अंग्रेजी विषय की पढ़ाई काफी प्रभावित हो रही है। शाला विकास विकास समिति के पदाधिकारियों, छात्रों एवं पालकों ने ब्लॉक शिक्षा अधिकारी से लिखित आवेदन कर शिक्षक की मांग की है। शासकीय अंग्रेजी प्राथमिक शाला से प्राप्त जानकारी के अनुसार 138 की दर्ज संख्या में हिन्दी माध्यम के 3 शिक्षक कार्यरत हैं। अंग्रेजी के शिक्षक नहीं होने से बच्चों का भविष्य अंधकारमय हो गया है। उनकी जगह हिंदी माध्यम के शिक्षक परेड ले रहे हैं। किंतु विषय विशेषज्ञ शिक्षक की आवश्यकता है। शासकीय अंग्रेजी मीडियम शाला में स्टॉफ व फर्नीचर का अभाव है। शिक्षक टूटे फूटे फर्नीचर से काम चलाने मजबूर हैं।

इस संबंध में विकासखंड शिक्षा अधिकारी मनीष ध्रुव ने कहा कि ब्लॉक मुख्यालय मगरलोड में अंग्रेजी मीडियम प्राथमिक शाला संचालित हैं। शाला में कार्यरत एक शिक्षिका मातृत्व अवकाश पर है। इससे पढ़ाई प्रभावित हो रही है। अंग्रेजी शिक्षक की मांग के लिए जिला शिक्षा अधिकारी से पत्र व्यवहार किया गया है।

# जनपद सदस्य धनेश्वरी के प्रयास से लाखों के विकास कार्य स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री



जनपद सदस्य धनेश्वरी मिलन साहू के प्रयास से लाखों के विकास कार्य की स्वीकृति मिली है। विकास कार्य के लिये 9 लाख रुपये की राशि स्वीकृत हुई है। कुरूद जनपद पंचायत की जनपद सदस्य धनेश्वरी मिलन साहू ने अपने जनपद क्षेत्र के विकास के लिये 9 लाख रुपये की राशि स्वीकृति प्रदान की है। ग्राम पंचायत परसवानी मे ओंकार ब्यारा से गौरव पथ रोड तक नाली निर्माण कार्य के लिए 1 लाख 94 हजार रूपये, आवासपारा ओंकार ध्रुव घर से कुमार ध्रुव घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य 1 लाख 94 हजार रुपये, पेयजल व्यवस्था पानी टेन्कर के लिये 2 लाख 60 हजार रुपये, ग्राम पंचायत मेंडरका में नाली निर्माण कार्य वासुदेव सिन्हा घर से शिव मंदिर तुकाराम साहू घर तक 2 लाख 39 हजार रुपये की राशि स्वीकृति कराई है। राशि स्वीकृति होने पर परसवानी सरपंच नरेन्द्र साहू तथा मेंडरका एवं परसवानी के ग्रामवासियों ने जनपद सदस्य श्रीमती साहू का आभार व्यक्त किया है।

## सोनपुर स्कूल में बोर खनन के लिए भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी

प्राथमिक शाला सोनपुर में बोर खनन एवं सिंटेक्स पाइपलाइन विस्तार के लिए भूमिपूजन किया गया।

कार्यक्रम के अतिथि जनपद सदस्य सुनील गायकवाड़, सरपंच श्रीमती गौरी नेताम, उपसरपंच महेत्तर बंधे, रमेश भतपहरी, भजन रात्रे, सोना बाई बघेल, ईश्वरी बंजारे, अशोक बंजारे, सेवकराम साहू, शिक्षक नेतराम मारकंडे, शिक्षक गंगा साहू थे।

# आंगनबाड़ी सहायिकाओं की हुई समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों की सही देखरेख व अन्य समस्या के निवारण हेतु दक्षिण क्षेत्र मगरलोड की आंगनबाड़ी सहायिकाओं की समीक्षा बैठक ग्राम सिंगपुर में रखी गई। बैठक में कुल 42 सहायिका उपस्थित रहीं। बैठक में विभागीय अधिकारी झामिन बिंझेकर, नंदा सिंह ठाकुर द्वारा सभी सहायिकाओं को सही समय पर केंद्र में आने, साफ - सफाई रखने, बच्चों को शुद्ध पेयजल देने, केंद्र बंद होने के बाद बच्चों को घर तक छोड़ने, बच्चों को रसोई घर से दूर रखने, सहायिकाओं को केंद्र की घर की तरह सफाई रखने सहित अन्य निर्देश दिया गया।




### राजस्व निरीक्षक ने किसानों को फसल चक्र परिवर्तन के लाभ के बारे में बताया

# चिकित्सा शिविर में 313 पशुओं का हुआ उपचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ आमदी(धमतरी)

ग्राम भानपुरी में शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी एवं पशुधन विकास विभाग धमतरी के संयुक्त तत्वावधान में पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।

ज्ञात हो कि महाविद्यालय की रासेयो इकाई द्वारा प्राचार्य डा. श्रीदेवी चौबे के निर्देशन व संरक्षण एवं रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डीगेश्वर अटल के मार्गदर्शन में सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम भानपुरी में लगाया गया है। इस शिविर में एनआर टंडन सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्रधिकारी धमतरी, राजेश सिन्हा, बीएस साहू, अनमोल रत्न पाइक, मिथिलेश हिरवानी,







एमआर नेताम ने सेवाएं दी। पशु चिकित्सा शिविर में ग्राम भानपुरी के 75 किसान एवं उनके 313 पशु लाभान्वित हुए। किसानों ने सामान्य पशु उपचार, कृमिनाशक दवापान, दवा छिड़काव, गर्भ परीक्षण, बधियाकरण, कृत्रिम गर्भाधान, बांझपन पशु उपचार का लाभ प्राप्त किया।एनआर टंडन ने स्वयंसेवकों से पशुपालन के क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाओं पर चर्चा की।

बौद्धिक परिचर्चा सत्र में भू-अभिलेख शाखा धमतरी के वरिष्ठ राजस्व निरीक्षक दीपचंद भारती ने स्वयंसेवकों को फसल चक्र परिवर्तन के लाभ के बारे में बताया कि फसल चक्र परिवर्तन से किस प्रकार सामाजिक, आर्थिक एवं पर्यावरणीय क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन हो सकता है। ग्राम परसतराई एवं रांवा के किसानों द्वारा किए गए सफलतम परिणाम का उल्लेख करते हुए धमतरी जिले में चलाए जा रहे जलजगार कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी। स्वयंसेवकों ने भी बौद्धिक परिचर्चा सत्र में विभिन्न प्रश्नों के माध्यम से अपनी शंकाओं का समाधान किया। इस अवसर पर भानपुरी सरपंच जानकी साहू, अतिथि प्राध्यापक तेजल यादव, हेमेंद्र साहू समेत अनेक स्वयंसेवक उपस्थित थे।

# पीएमश्री केवि में बैगलेस डे मनाया गया




हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 अंतर्गत पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय कुरूद में बैगलेस दिवस मनाया गया। विदित हो कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के दिशा-निर्देश के अनुसार सभी पीमश्री स्कूलों में बैगलेस डे मनाया जाए ताकि छात्रों को किताबी ज्ञान के अतिरिक्त दक्षता आधारित ज्ञान भी प्राप्त हो सके। इस अवसर पर स्थानीय कारीगर राजेश प्रजापति को पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय कुरूद में आमंत्रित किया गया। उन्होंने छात्रों को मिट्टी के बर्तन से संबंधित कौशल सिखाया तथा इसके लिए कैसे मिट्टी को तैयार किया जाता है, उसकी पूरी जानकारी शुरुआत से दी। तत्पश्चात छात्रों ने इस कार्य को स्वयं करके सीखा।

विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती ग्लोरिया मिंज ने इस कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह कार्यक्रम छात्रों को तनावमुक्त शिक्षा, दक्षता और अनुभव आधारित शिक्षा तथा रचनात्मक कौशल की ओर अग्रसर करता है। इस मौके पर कक्षा छठवीं से आठवीं के 116 छात्र तथा शिक्षकगण मौजूद रहे।

गुप्त व यौन रोग कमजोरी
स्त्री पुरूष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व विशेष इलाज चर्म रोग, वात रोग, बवासीर संपर्क करें।
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
अंबेडकर चौक, मानस डेली नीड्स के सामने जोधापुर, धमतरी मो. 9174466336

## खबर संक्षेप

### हाई टेंशन तार की चपेट में आने से हुई मौत

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत ग्राम हाराडुला राईस मिल के पास हाई टेंशन तार की चपेट में आने से चारामा निवासी 41 वर्षीय नजीत यादव का मौत हो गई। चारामा निवासी रंजीत यादव ने पुलिस को बताया कि मृतक दीवाल में चढ़कर वेल्डिंग का काम कर रहा था। हाई टेंशन तार की चपेट में आने व करंट लगने से मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### भाजपा संगठन चुनाव को लेकर 12 को होगी बैठक

**भानुप्रतापपुर।** भाजपा संगठन चुनाव को लेकर भानुप्रतापपुर में 12 नवंबर को दोपहर 12 बजे बैठक का आयोजन किया गया। आयोजित बैठक में मंडल में निवासरत भाजपा प्रदेश पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, कार्यसमिति सदस्य, पूर्व विधायक, भाजपा मंडल पदाधिकारी, शक्ति केन्द्रो के चुनाव अधिकारी व सह अधिकारी, मोर्चा प्रदेश पदाधिकारी, जिलाध्यक्ष, मंडल संगठन पर्व सहयोगी व सह सहयोगी, मण्डल सक्रिय सदस्यता अभियान टोली, मंडल में मोर्चा प्रकोष्ठों के अध्यक्ष व महामंत्री, ग्राम पंचायत सरपंच, जनपद पंचायत अध्यक्ष व उपाध्यक्ष, सभी शक्ति केन्द्रो के संयोजक व सहसंयोजक, पोलिंग बूथ के अध्यक्ष को बैठक में उपस्थित होने आव्हान किया गया है। उक्ताशय जानकारी भाजपा मंडल महामंत्री ज्वाला प्रसाद जैन व डिगेश खापर्डे ने दी।

### वाहन अनियंत्रित होने से सड़क पर गिरकर घायल हुआ चालक, इलाज के दौरान मौत

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत दरगाहन के पास बाइक से नियंत्रण खोने के कारण चालक को गंभीर चोट आया था। इलाज के लिए घायल चालक को रायपुर के अस्पताल में भर्ती किया गया, लेकिन चोट गंभीर होने के कारण ईलाज के दौरान मौत होने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया। पुलिस ने विवेचना में पाया कि 1 अक्टूबर को शाम करीबन 5 बजे मृतक टिकेश्वर कांगे अपने मोटर सायकल क्रमांक सीजी 17 बी 2542 को चलाते हुए बड़ेगौरी से चारामा आ रहा था। दरगहन के पास पहुंचा था की मोटर सायकल अनियंत्रित होने से मोटर सायकल सहित रोड में गिर गया, जिससे मृतक टिकेश्वर को सिर में गंभीर चोट आया था। ईलाज के लिए रायपुर के डीकेएस सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल में भर्ती किया गया। ईलाज के दौरान 11 नवंबर को उसकी मौत हो गई। वाहन चालक के खिलाफ पुलिस ने धारा 304 (ए) भादवि के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### गोपाष्टमी पर्व पर महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा



**कांकेर।** कृष्ण जन्माष्टमी पर्व के अवसर पर यादव समाज की महिलाओं के द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। वहीं युवकों के द्वारा बाईक रैली निकाली गई। आयोजित कार्यक्रम में विधायक आशाराम नेताम भी शामिल हुए। इस दौरान विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। कृष्ण सदन मेलाभाठा टिकरापारा यादव भवन में पूजा-अर्चना कर ध्वजारोहण कर बाइक रैली मेलाभाठा से जय यादव जय माधव, हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की व ईष्ट देव भगवान श्री कृष्ण कि जयकारे के नया बस स्टैंड होते हुए ज्ञानी चौक, बरदेभाठा, बाईपास रोड, अन्नपूर्णा पारा, सेन चौक, घड़ी चौक, संजय नगर, शीतला पारा, भंडारी पारा होते हुए पुनः मेन रोड होते हुए मेलाभाठा में समापन किया गया। सर्व यादव समाज के जिलाध्यक्ष सुदामा यादव ने कहा कि यादव समाज कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर आयोजन किया है और सभी ने बढ़ चढ़कर सहभागिता दी है। अहिर कोसरिया यादव समाज के जिलाध्यक्ष गिरधर यादव ने कहा कि यहाँ गोपाष्टमी में यादव समाज बड़ा आयोजन करता है और अब पिछले कई वर्षों से लगातार यादव समाज जन्माष्टमी पर्व को भी एक बड़ा आयोजन किया जाएगा।

---

अंतिम तिथि 30 नवंबर, ई-केवाईसी के बाद ही गैस कनेक्शन व सब्सिडी मिलेगी

# जिले के 35 प्रतिशत उपभोक्ताओं ने नहीं कराई गैस की ई-केवाईसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



फाइल फोटो

गैस कनेक्शन को यथावत रखने ई-केवाईसी कराना आवश्यक है। ई-केवाईसी नहीं कराने पर गैस सिलेंडर मिलना बंद हो सकता है। ई-केवाईसी आनलाइन दोनों तरीकों से हो सकती है। जिले में पिछले एक साल से गैस एजेंसी के माध्यम से ई-केवाईसी कराने की प्रक्रिया चल रही है। शुरुआती महीनों में काफी भीड़ दिखाई दी। इसके बाद लोगों में अरूचि दिख रही है।

खाद्य विभाग के नरेश पिपरे ने बताया कि अब तक 65 प्रतिशत लोग गैस कनेक्शन के लिए ई-केवाईसी करवा चुके हैं। शेष 35 प्रतिशत उपभोक्ताओं की ई-केवाईसी बाकी है। सभी उपभोक्ताओं को ई-केवाईसी कराना अनिवार्य है।

इधर गैस एजेंसियों से मिली जानकारी के मुताबिक गैस सिलेंडर से जुड़ी योजना का लाभ लेने के लिए ई-केवाईसी अनिवार्य है। ई-केवाईसी के बाद ही उपभोक्ताओं का गैस कनेक्शन रनिंग पर रहेगा। साथ ही केंद्र सरकार से मिलने वाली सब्सिडी भी यथावत रहेगी। उपभोक्ताओं से ई-केवाईसी कराने का आग्रह किया जा रहा है। फिर भी ई-केवाईसी कराने में रूचि नहीं ले रहे हैं। ई-केवाईसी नहीं कराने से कनेक्शन में दिक्कत हो सकती है। उन्होंने बताया कि उनकी कंपनी द्वारा 30 नवंबर को लास्ट डेट बताया जा रहा है। सभी उपभोक्ता 30 नवंबर के पहले ई-केवाईसी करा लेवें।

ई-केवाईसी के लिए दस्तावेज जरूरी है जिसके माध्यम से ई-केवाईसी की जा सकती है। एजेंसी संचालकों ने बताया कि शहर और गांव में शिविर लगाने के बाद भी उपभोक्ताओं ने ई-केवाईसी कराने पर ध्यान नहीं दिया। जिले में 14 गैस एजेंसी है। 2.22 लाख उपभोक्ता हैं। जिसमें से 65 प्रतिशत लोगों ने ई-केवाईसी कराई है। शहर के चालीस वार्डों में भी 20 मई से 19 जून 2024 तक शिविर लगाया गया था।

---

# स्कूली छात्रों ने किया धार्मिक स्थलों का भ्रमण



- मंदिर, मस्जिद, चर्च, गुरुद्वारा ले जाकर मान्यताओं की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

कलीराम चंद्राकर पब्लिक स्कूल कुरूद के विद्यार्थियों को धार्मिक स्थलों के अतीत से लेकर वर्तमान तक की जानकारी को विस्तृत रूप में कराने और विषय के प्रति बच्चों का ज्ञान बढ़ाने के लिए धार्मिक स्थलों का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। इस दौरान कक्षा सातवीं के बच्चों को कक्षा शिक्षिका रेखा सिन्हा व करण सिन्हा सहित विषय शिक्षकों मुकेश कश्यप, नेमू पटेल आदि के विशेष सहयोग में इसे संपन्न किया गया। इसका प्रारंभ थाना चौक स्थित गुरुद्वारा से हुआ जहां सभी बच्चों ने सिंधी समाज अध्यक्ष कन्हैया लाल नवलानी के मार्गदर्शन में गुरुद्वारा स्थित धर्मग्रंथ और गुरुनानक देवजी से जुड़ी जानकारी प्राप्त की।

इसके बाद पास स्थित मस्जिद का भ्रमण किया गया और वहां के मोअज्जन साहब सहायक शहाबुद्दीन रिज़वी के मार्गदर्शन और समाज से जुड़े अमीन हलारी के सहयोग से वहां के अतीत से जुड़ी बातों को बहुत ही नजदीक से जाना। तदुपरांत नगर की आराध्या देवी मां चंडी के दरबार का भ्रमण हुआ। सभी बच्चों ने चंडी मंदिर के महंत जितेंद्र नाथ जोगी के मार्गदर्शन में कुरूद नगर की प्रथम देवी के दर्शन करते हुए इसके इतिहास और मंदिर से जुड़ी मान्यताओं को जाना। बच्चों ने माता के दरबार में चरण वंदन कर अपनी मनोकामना की। इसके बाद नेशनल हाईवे स्थित चर्च के दर्शन के लिए सभी पहुंचे वहां श्वेता रामा के मार्गदर्शन में सभी ने यहां की प्राचीनता और चर्च के इतिहास और निर्माण से जुड़ी जानकारी का अध्ययन किया।

---

जिला स्तरीय राज्योत्सव में टीएलएम प्रदर्शनी रही आकर्षण का केंद्र

# टेंगना स्कूल के दिव्यांग शिक्षक की शैक्षिक प्रदर्शनी की हुई प्रशंसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



जिला स्तरीय राज्योत्सव में शिक्षा विभाग की ओर से लगाई गई शैक्षिक गतिविधियां एवं टीएलएम प्रदर्शनी आकर्षण का केंद्र रही। इस प्रदर्शनी में आठ स्कूलों के विभिन्न प्रकार के उत्कृष्ट शैक्षिक एक्टिविटी गणित, विज्ञान, भाषा, फोर इन वन डिवाइस , प्रकाश का ग्रीनहाउस प्रभाव, फसल चक्र, जल चक्र मिशन चंद्रयान का प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनी में शासकीय प्राथमिक शाला टेंगना के दिव्यांग शिक्षक संतोष कुमार बांधव ने लगातार 9 घंटे तक फोर इन वन डिवाइस, गणित पजल, अंक पहेली, रूपये का जादू , संक्रियाओं की सांप सीढ़ी, तीलियों का कमाल, थ्री इन वन गणित गतिविधि को प्रदर्शित किया। कैबिनेट मंत्री अजय चंद्राकर व अधिकारियों ने प्रदर्शनी की प्रशंसा की। इन शैक्षिक गतिविधि से बच्चों को सीखने सिखाने में महत्वपूर्ण मदद मिलती है। इससे उनके शारीरिक, बौद्धिक और मानसिक विकास में सहायता मिलती है। फोर इन वन डिवाइस में बच्चे खेल में ही 100 में से ही 50 अंक अर्जित कर सकते हैं। इन एक्टिविटी में जीतने वाले दर्शक, अतिथि व बच्चों को शिक्षा विभाग की ओर से पेन, चॉकलेट देकर पुरस्कृत किया गया।

---

# सांप्रदायिक सद्भावना बढ़ाने कलाचित्रों की लगी प्रदर्शनी




हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

एकलव्य खेल परिसर में एक दिवसीय राज्य स्थापना दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें धमतरी के चित्रकार मनोहर दास द्वारा साम्प्रदायिक सद्भावना बढ़ाने पर्यावरण प्रदूषण, शिक्षा में नवाचार, कुपोषण, कन्या भ्रूण हत्या रोकने, अंधविश्वास एवं राष्ट्रीय एकता अखण्डता के संबंध में कलाचित्रों की प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी का अवलोकन कईयों ने किया।

---

# 4 साल में भी नहीं बन पाया सरकारी आवास

अरसीकन्हार परिक्षेत्र में कर्मचारियों के रहने के लिए बनाए जा रहे मकान





हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

सीतानदी अभ्यारण क्षेत्र अंतर्गत परिक्षेत्र मुख्यालय अरसीकन्हार में कर्मचारियों के लिए आवास का निर्माण किया जा रहा है। करीब 4 साल से निर्माण कार्य अधूरा पड़ा हुआ है। छत की ढलाई हो गई है। छत पर पानी रोकने के लिए किनारे पर सीमेंट का छेका बनाया गया था उसे मगर अभी तक नहीं निकाला गया है। अगर थोड़ी बारिश होती है तो छत पर पानी एकत्रित हो जाता है। इससे अंदर सीपेज आ जाता है। वहां चारों ओर बाउंड्रीवाल का निर्माण किया गया है। कालम कई जगह टेढ़ा-मेढ़ा दिखाई दे रहा है। छड़ बाहर से दिखाई दे रही है। ठीक से कालम का निर्माण नहीं किया गया है। डेंटिंग पेंटिंग, बिजली, दरवाजा खिड़की का काम बाकी है। 4 साल से भवन अधूरा है। इससे कर्मचारियों को काफी परेशानी हो रही है। लंबी दूरी कर ड्यूटी जाना पड़ रहा है। इस संबंध में अरसीकन्हार परिक्षेत्र अधिकारी प्रतिभा मेश्राम ने बताया कि खेती कार्य के चलते मजदूर नहीं मिल रहे हैं। कुछ निर्माण बाकी है। कुछ दिन बाद आवास निर्माण पूर्ण कर लिया जाएगा।

---

# संबलपुर स्कूल के खिलेन्द्र का ताइक्वांडो में चयन



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

मध्यप्रदेश के विदिशा शहर में 8 से 12 नवंबर तक आयोजित राष्ट्रीय स्तरीय शालेय खेल प्रतियोगिता में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संबलपुर के छात्र खिलेंद्र साहू का चयन मार्शल आर्ट ताइक्वांडो में हुआ है। ज्ञात हो कि 59 से 63 किलो ग्राम वजन ग्रुप में राज्य स्तरीय मार्शल आर्ट ताईक्वांडो प्रतियोगिता रायपुर में आयोजित हुई थी। उसने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक हासिल कर राष्ट्रीय स्तरीय टूर्नामेंट में स्थान बनाया है। वे मार्शल आर्ट ताईक्वांडो के प्रशिक्षक ओंकार पटेल के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे थे।

खिलाड़ी की इस सफलता पर खेल एवं युवा कल्याण विभाग के खेल अधिकारी डिप्टी कलेक्टर बी. एक्का, डीईओ टीआर जगदल्ले, खेल अधिकारी थॉमस पाल, संस्था के प्राचार्य शैलेन्द्र तरार, बीईओ अमित तिवारी, बाल कुमार क्षत्रिय, राजेश चन्द्राकर, नीशु चन्द्राकर, डेनिश चन्द्राकर, तारेंद्र चन्द्राकर, शिक्षक सेवक राम चंद्रवंशी, प्रमोद शार्दुल, कुसुम साहू, शशिप्रभा रानी चंद्राकर, हरमित कौर खालसा, नम्रता जाधव, श्वेता देशमुख, सोमा साहू, आरएस साहू, एडी देवांगन, सुनीता वाधवानी, योगेश्वर वर्मा समेत अन्य लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है।

---

# 500 में गैस सिलेंडर देने का चुनावी वादा जुमला साबित हो रहा : ओंकार



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

विधायक ओंकार साहू, सिहावा विधायक अम्बिका मरकाम, पूर्व जिला अध्यक्ष मोहन लालवानी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष नीशु चंद्राकर, मनोज कुमार साक्षी जिला पंचायत सदस्य, मीना सत्येंद्र बंजारे जिला पंचायत सदस्य ने रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी आकाश शर्मा के पक्ष में जनसंपर्क कर मतदाताओं से कांग्रेस के पक्ष में वोट करने की अपील की। 13 नवम्बर को इस सीट के लिए मतदान होगा। जनसम्पर्क के दौरान विधायक श्री साहू ने कहा कि प्रदेश में पिछले 10 महीनों से अपराध बेलगाम है। रायपुर दक्षिण में बुनियादी सुविधाएं नहीं हैं जबकि भाजपा इसे अपना गढ़ कहती है। उस हिसाब से यहां विकास शून्य है।

उन्होंने आगे कहा कि बीजेपी ने चुनाव के दौरान अपने घोषणा पत्र में 57 हजार शिक्षकों की भर्ती करने की घोषणा की थी मगर ये वादा झुमला साबित हो रहा है। बीजेपी ने हर गरीब परिवार को 500 रू में गैस सिलेंडर देने की बात कही थी। बीजेपी सरकार में बिजली बिल में बेतहाशा वृद्धि हुई है जिससे प्रदेश की जनता परेशान है। आगे कहा कि रायपुर दक्षिण की जनता का मन कांग्रेस प्रत्याशी आकाश शर्मा के पक्ष में है। कांग्रेस के पक्ष में एकतरफा माहौल है।

---

# अपराधों पर रोक लगाने साय सरकार नाकाम

- भखारा क्षेत्र में बढ़ रहे अपराध एवं नशीली पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाने की मांग
- युवा कांग्रेस ने थाना प्रभारी के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी



भखारा क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे अपराध, प्रतिबंधित नशीले पदार्थों के विक्रय के मामले को लेकर युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष पुखराज साहू के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने भखारा थाना में ज्ञापन सौंपकर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है साथ ही स्थिति में सुधार नहीं होने पर चक्काजाम सहित उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

युकांइयों ने बताया कि प्रदेश में जबसे भाजपा की सरकार ने नेतृत्व संभाला है, लगातार अपराध का ग्राफ बढ़ रहा है। आज युवा प्रतिबंधित नशीली दवाइयों का सेवन कर बड़े-बड़े आपराधिक गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं। कुछ उच्च अधिकारियों की मिलीभगत से प्रतिबंधित नशीली दवाएं गली मोहल्ले में बिक रही हैं जो चाकूबाजी की घटनाओं की प्रमुख वजह है। साय सरकार की गलत नीतियों एवं प्रशासन की निष्क्रियता के कारण आज लोग घर से बाहर निकलने से डर रहे हैं। हर वर्ग अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहा है। अपराधों पर रोक लगाने एवं अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग को लेक ज्ञापन सौंपा गया है। कार्रवाई नहीं होने पर युवा कांग्रेस उग्र प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होगी जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी। इस अवसर पर जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष भरत नाहर, पूर्व नपं अध्यक्ष विनोद साहू, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष राजू साहू, प्रभारी महामंत्री होमेन्द्र साहू, पार्षद संतोषी निषाद, महामंत्री अविनाश गौर, सौरभ पाल, हुलेश साहू, मनीष, पंकज, दिनेश, एवन साहू, लोकेश साहू, पुष्पेंद्र साहू, लेखराम यादव, योगेंद्र साहू सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

Gomti THRESHERS
किसान की पसंद
6 & 7 फेन
बुकिंग प्रारंभ
पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर
7 पंखों वाला थ्रेशर मात्र 2 लाख से प्रारंभ
4 चक्का एवं 2 चक्का ट्राली भी उपलब्ध
पैरा दूर फेंके
उत्तम धान निकासी
शून्य रखरखाव
एक्सचेंज एवं फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.) 8819840000

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
● स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस ● Back Pain, सायटिका ● जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
● जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना ● टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी ● सर दर्द, पॅरालिसीस ● स्पांडिलाइटिस ● गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

Trust the Expert
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं
मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया
अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### पुलिस ने सुलझाई अंधेकत्ल की गुत्थी

**नगरी।** नगरी पुलिस ने अंधेकत्ल की गुत्थी सुलझा दी है। नगरी ब्लॉक के ग्राम छिपली में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी जिसका शव घर के बाहर पड़ा हुआ था। शव में कोई बाहरी निशान नहीं होने के कारण मामला पेचीदा हो गया था। शार्ट पीएम में खुलासा हुआ है कि गंभीर अंदरूनी चोट लगने से शत्रुघन निषाद की मृत्यु हुई है। पुलिस मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच में जुटी और आरोपी रवि मांझी को गिरफ्तार किया। आरोपी रवि मांझी ने धान निकालने को लेकर मृतक शत्रुघन निषाद के साथ विवाद और मारपीट की थी। बहरहाल थाना प्रभारी शरद ताम्रकर व उनकी टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

- आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा जेल

### ओपन परीक्षा का प्रवेश पत्र वितरण 11 से

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल के हायर सेकंडरी सर्टिफिकेट एवं हाईस्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा नवंबर 2024 के मुख्य एवं अवसर परीक्षा के प्रवेश पत्र का वितरण 11 नवंबर से डॉ शोभाराम देवांगन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धमतरी में शालेय समय में किया जाएगा। ओपन स्कूल विभाग के प्रभारी टीआर ध्रुव ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल परीक्षा मंडल के निर्देशानुसार हायर सेकंडरी सर्टिफिकेट एवं हाईस्कूल सर्टिफिकेट की परीक्षा 14 नवंबर से प्रारंभ हो रही है। परीक्षा प्रातः 8:30 से 11:45 तक होगी।

### फोटोग्राफी-वीडियोग्राफी का प्रशिक्षण 11 से

**धमतरी।** बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान (बड़ौदा आरसेटी) धमतरी द्वारा 11 नवम्बर से फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। निदेशक बड़ौदा आरसेटी अनीता टुडू ने बताया कि पूरी तरह से आवासीय सुविधायुक्त इस प्रशिक्षण के लिए 18 से 45 वर्ष तक की आयु के ग्रामीण बेरोजगार महिला एवं पुरूष आवेदन कर सकते हैं। प्रशिक्षण के लिए 35 सीटें आरक्षित हैं। आवेदकों को राशनकार्ड, प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड की फोटोकॉपी और 4 पासपोर्ट साइज की फोटो के साथ कम्पोजिट भवन के पीछे बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान धमतरी में उपस्थित होने कहा गया है।

### गौमाता का श्रृंगार कर उतारी गई आरती, खिचड़ी भी खिलाई

# गोपाष्टमी पर यादव समाज ने निकाली शहर में भगवान श्रीकृष्ण की शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

गोपाष्टमी के अवसर पर शनिवार को यादव समाज की ओर से वार्डों में कई कार्यक्रम हुए। यादव बंधुओं ने गौमाता की पूजा-अर्चना कर खिचड़ी खिलाई।


गौमाता का श्रृंगार कर आरती उतारी। पर्व को उत्साह से मनाने दोहे गाए। शहर के बांसपारा, बनियापारा, रामसागरपारा, टिकरापारा, स्टेशनपारा, कोष्टापारा, सोरिद, आमापारा, मकेश्वर वार्ड सहित अन्य वार्ड के यादव समाजजनों ने गोपाष्टमी पर कार्यक्रम का आयोजन किया। बांसपारा नंदी चौक के पास झेरिया यादव समाज ने गोपाष्टमी पर कार्यक्रम रखा। मंचीय कार्यक्रम से पहले शाम 5 बजे शहर में शोभायात्रा निकाली गई जो बांसपारा नंदीचौक, साईं मंदिर, कचहरी चौक, सदरबाजार, गणेश चौक, मराठामंगल भवन होते हुए पुनः नंदी चौक पहुंची। मंचीय कार्यक्रम के अतिथि विधायक ओंकार साहू, महापौर विजय देवांगन, शीतलराज यादव, नीलू पवार, मिथिलेश सिन्हा थे।





अतिथियों ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि गोपाष्टमी भगवान कृष्ण से जुड़ा हुआ पर्व है। इस पर्व में गायों की पूजा होती है। गायों की उपासना करने पर 33 कोटि देवी देवताओं का आशीर्वाद मिलता है। परिवार में सुख समृद्धि आती है। मान्यता है कि इस दिन भगवान कृष्ण ने गाय चराना शुरू किया था। इसी उपलक्ष्य में पूरे भारत में गोपाष्टमी का पर्व मनाया जाता है। गाय को धर्मशास्त्र में माता का दर्जा मिला है। गाय की सेवा करने से मनोकामना की पूर्ति होती है। मृत्यु के बाद गौ लोक में स्थान मिलता है। गाय आध्यात्मिक और दिव्य गुणों की खान है। गोपाष्टमी में गाय के प्रति सम्मान और कृतज्ञता प्रकट करने का दिन है।

## भोजन की तलाश में जंगल छोड़ गांव की ओर रुख कर रहे वन्य प्राणी



- भीतरराास और छिपलीपारा के बीच देखे गए दो भालू, ग्रामीणों में फैली दहशत

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

नगरी के आसपास के गांव जंगल किनारे बसे हुए हैं। जंगली जानवरों का गांवों में दिखना आम बात हो गई है। ये भोजन की तलाश में जंगल छोड़ गांव की तरफ रुख कर रहे हैं। अभी सिहावा नगरी मार्ग में भीतरराास और छिपलीपारा के बीच दो भालू दिखाई दिए हैं। इस दौरान किसी राहगीर ने इसका वीडियो भी बनाया। ज्ञात हो कि सिहावा नगरी वनांचल क्षेत्र में कई गांव पहाड़ियों और जंगलों के आसपास बसा हुआ है, वहीं पहाड़ी वाले क्षेत्र को भालू और तेंदुए के रहवास का गढ़ माना जाता है। शुक्रवार की शाम सिहावा, भीतरराास के पास दो भालू को पहाड़ियों पर जाते देखा गया है। बताया जा रहा है कि भालू बीते कुछ दिनों से इसी इलाके में दिखाई दे रहे हैं जिसे लेकर लोगों में डर भी बना रहता है। इस मामले में बिरगुड़ी वन परिक्षेत्र दीपक गावड़े ने बताया कि क्षेत्र में कहीं भी भालू या तेंदुए की मौजूदगी की सूचना पर हमारी टीम पेट्रोलिंग पर निकलती है, साथ ही लोगों को शाम के समय अकेले जंगल के रास्ते न जाने कहा गया है।



## आज प्रभात फेरी व 15 को निकलेगी शोभायात्रा

- गुरुनानक जयंती मनाने सिंधी समाज की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

सिंधी समाज कुरूद द्वारा गुरुनानक जयंती समारोह की तैयारी को लेकर बैठक सिंधु भवन कुरूद में की गई। 9 नवंबर को 10:30 बजे गुरुद्वारा से सिंधु भवन में ले जाकर पाठ प्रारंभ किया जाएगा जिसमें राजिम वाले भाई साहब द्वारा पाठ का पठन किया जाएगा। 10 नवंबर से सुबह 5 बजे नगर में प्रभात फेरी निकाली जाएगी एवं 15 नवंबर शुक्रवार को 12 बजे भोग साहब, 2 बजे आमलंगर, 4 बजे युवा एवं महिला विंग द्वारा मोटरसाइकिल रैली तथा 5 बजे भव्य शोभायात्रा निकाली जायेगी तथा 9 से 10 बजे बच्चों एवं महिलाओं द्वारा आनंद मेला का आयोजन किया गया है। इसके बाद भजन कीर्तन एवं 12 बजे केक काटकर जन्मोत्सव मनाया जाएगा।



गुरु नानक जयंती के आयोजन हेतु संतोष मोटवानी, राजेश चैनवानी, नरेश बजाज, नरेश सचदेवा, मोहन सुखरामनी, प्रकाश चैनवानी को जिम्मेदारी दी गई। समाज के संरक्षक मनोहर लाल मोटवानी, कन्हैया नवलानी, राजकुमार बजाज, राजेंद्र बजाज, प्रकाश चैनवानी, राजेंद्र चैनवानी, राजेश बजाज, आकाश रमानी, मोहन सुखरामनी, मुरली सादीजा, सुरेश वर्दयानी, नरेश सचदेवा उपस्थित थे

## जापान में भारत के प्राचीन राजयोग का क्रेज : रजनी

- आत्म अनुभूति तपोवन में बीके संस्थान जापान एवं फिलिपीन्स की डायरेक्टर पहुंचीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय धमतरी के आत्म अनुभूति तपोवन में ब्रम्हाकुमारी संस्था के जापान एवं फिलिपीन्स की डायरेक्टर रजनी दीदी का आगमन हुआ। उन्होंने 1982 में जापान में और 1983 में फिलीपींस, हांगकांग और कोरिया जैसे एशियाई देशों में ब्रम्हाकुमारीज की आध्यात्मिक सेवाएं शुरू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

जापान में अपनी सेवाओं का अनुभव सुनाते हुए रजनी ने कहा कि वहां भारत के प्राचीन राजयोग का बहुत क्रेज है। वहां धर्म का प्रचार नहीं कर सकते लेकिन ईश्वरीय ज्ञान देने के लिए मेडिटेशन कैफे बने हुए हैं। वहां के लोग इमानदार, नम्रचित होते हैं। भारत के लोग धर्म के प्रति बहुत श्रद्धालु, आस्थावान होते हैं। द्वितीय विश्व युद्ध में जापान की स्थिति खराब हो गई थी लेकिन उसके बाद वहां के लोगों ने 16-17 घंटे काम करके पहले से अच्छी स्थिति बनाई। दीदीजी के स्वागत में मगरलोड की कुमारियों ने सुआ नृत्य प्रस्तुत किया जो दीदी को बहुत पसंद आया, दीदी ने उनके साथ फोटो भी खिंचाई।





इस अवसर पर इंदौर जोन की डायरेक्टर हेमलता दीदी, ज्ञान सरोवर माउंट आबू से संगीता बहन भी उपस्थित थीं। बीके संस्थान धमतरी जिले की प्रभारी सरिता दीदी ने जापान से आई रजनी दीदी का स्वागत किया। कार्यक्रम में कुरूद, मगरलोड, भखारा, नगरी, बिरगुड़ी, बेलर ,पुरुर से हजार से भी अधिक लोग उपस्थित हुए।

## रायपुर में नीशु चंद्राकर ने किया प्रचार



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

दक्षिण रायपुर में हो रहे विधानसभा चुनाव में धमतरी के जिला पंचायत उपाध्यक्ष नीशु चंद्राकर ने डोर टू डोर प्रचार किया। उन्होंने अपने प्रभार क्षेत्र ऑफिसर्स कॉलोनी बूथ नम्बर 140 में मतदाताओं के घरों में जाकर प्रत्याशी के पक्ष में वोट डालने की अपील की। श्री चंद्राकर ने बताया कि जनता में बदलाव को लेकर उत्साह है। हमें विश्वास है कि जनता युवा प्रत्याशी को जरूर आशीर्वाद देगी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से विधायक धमतरी एवं सेक्टर प्रभारी ओंकार साहू, सहप्रभारी कृष्णा दुबे, जिला पंचायत सदस्य मनोज साक्षी, वार्ड अध्यक्ष विकास जैन, अविनाश शिरके, जयेश तिवारी, शिव चंद्राकर, राजेश साहू, डॉ. गिरीश साहू, चंद्रहास साहू, तोषण साहू, राहुल बख्तानी, यूथ अध्यक्ष पवन बावने सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित थे।

## प्रकाश पर्व के पूर्व शहर में प्रभातफेरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

- 15 नवंबर को मनाई जाएगी गुरूनानक देव की जयंती

गुरुनानक देव के प्रकाश पर्व के आगमन पूर्व सिख समाज द्वारा प्रभातफेरी निकाली जा रही है। प्रभातफेरी में समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हो रहे हैं। गुरूनानक जयंती 15 नवंबर को मनाई जायेगी। प्रकाश पर्व के सप्ताह भर पहले 6 नवंबर से शहर में प्रभातफेरी शुरु हो गई है। श्रीमती ममता खालसा ने बताया कि शनिवार की सुबह 4.30 बजे सिख समाज के लोग गुरूद्वारा में उपस्थित हुए। गुरुद्वारा से निशान साहेब लेकर आगे चल रहे सारी साध संगत प्रभात फेरी करते हुए सरदार हरजीत सिंघ, गुरजोत सिंघ खालसा के घर पहुंची जहां प्रभात फेरी का फूलों से स्वागत किया गया। यहां गुरुनानक की वाणी शबद कीर्तन किया गया। प्रभातफेरी में प्रमुख रूप से जसपाल सिंघ छाबड़ा, रविन्दरसिंघ बिन्द्रा, अमरजीत सिंघ, ज्ञानी अरूणदीप सिंघ, सीमा छाबड़ा, सुरेंद्र कौर ओबेराय, परमजीत कौर, मनमीत, जगिंदर सिंघ, गीता लालवानी उपस्थित थे।



### मितान धारा फाउंडेशन ने दी सहायता राशि

**कुरूद।** ग्राम मोंगरा निवासी हेमिन धुव हाथ, पैर दर्द के अलावा अन्य बीमारियों से ग्रसित होकर इलाज के लिये भटक रही थी। मितान धारा फाउंडेशन को इसकी जानकारी होने पर श्रीमती ध्रुव के इलाज हेतु 2000 रूपये की सहयोग राशि दी। फाउंडेशन से जुड़े ग्रामीण हेमराज विश्वकर्मा ने बताया कि फाउंडेशन का उद्देश्य बेसहारा को सहारा देना है।

### दावा-आपत्तियों की हुई सुनवाई

**धमतरी।** कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देश पर अपर कलेक्टर जीआर मरकाम ने जोगीडीह के बांध विस्थापित निवासियों द्वारा भूमि सर्वेक्षण उपरांत भूमि आवंटन के संबंध में प्रस्तुत दावा-आपत्तियों की सुनवाई ग्राम जोगीडीह में 7 नवम्बर को कैम्प लगाकर की। जोगीडीह के ग्रामवासी भूमि आवंटन की कार्रवाई से संतुष्ट हैं।

### शिक्षा का प्रमुख केंद्र बनकर उभरेगा कुरुद

**अंवरी।** भाजपा नेता सुमित कुर्रे ने विधायक अजय चंद्राकर का आभार जताते हुए कहा है कि नये विषयों और संकायों के शुरू होने से कुरुद में शिक्षा का स्तर और बेहतर होगा। इनसे छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सकेगी और वे राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम होंगे। वे इन विषयो में विशेषज्ञ बनकर विभिन्न क्षेत्रों में अपना करियर बना सकेंगे साथ ही स्वरोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। आने वाले समय में कुरुद एक शिक्षा का प्रमुख केंद्र बनकर उभरेगा।








#### धमतरी-जगदलपुर फोरलेन सड़क की स्वीकृति पर प्रीतेश ने केंद्रीय मंत्री का आभार माना

# बस्तर के प्रवेशद्वार का अब होगा विकास

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

किसी भी क्षेत्र के विकास का प्रमुख आधार पूंजी के साथ श्रम और सुगम परिवहन व्यवस्था होता है। बस्तर के सुदूरवर्ती क्षेत्र में परिवहन सुविधा की सुध लेने केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार आने के बाद सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने प्रारंभ किया। ज्ञात हो कि स्थानीय व्यापारियों के आग्रह पर सर्व गुजराती समाज के प्रदेश अध्यक्ष प्रीतेश गांधी ने 21 जुलाई 2022 को केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से भेंटकर क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित मांग धमतरी - राष्ट्रीय राजमार्ग -30 जगदलपुर फोरलेन सड़क की ओर ध्यान आकर्षित कराया था। गौरतलब है कि राजधानी में आयोजित एक कार्यक्रम में धमतरी से जगदलपुर तक फोरलेन सड़क की स्वीकृति केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सहित छग शासन के प्रमुख मंत्रियों की उपस्थिति में की गई। प्रीतेश गांधी ने स्वीकृति के लिए केंद्रीय मंत्री श्री गडकरी, मुख्यमंत्री श्री साय, उपमुख्यमंत्री श्री साव का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सुशासन की नीतियों के साथ डबल इंजन सरकार में प्रदेश का विकास सांय-सांय हो रहा है।



प्रीतेश गांधी ने एक चर्चा में बताया कि धमतरी के विशेषकर लकड़ी, वनोपज,राइस मिल, आयल मिल, कोल्डस्टोरेज जैसे अनेक व्यवसाय के लिए परिवहन जैसे महत्वपूर्ण संसाधन के अभाव को महसूस किया जा रहा था वह अब फिर से उन्नति की ओर अग्रसर होकर फोरलेन सड़क से प्रोत्साहित होगा। बस्तर का प्रवेश द्वार धमतरी में ब्रॉडगेज के साथ फोरलेन की कनेक्टिविटी से विकास की संभावनाओं को अग्रसर करेगा। फोरलेन सड़क की स्वीकृति पर शहर के व्यापारियों तथा आम नागरिकों में में हर्ष है। उन्होंने नितिन गडकरी के साथ ही श्री गांधी का आभार व्यक्त किया है जिनमें श्याम अग्रवाल, राजेंद्र लुकंड़, राजेंद्र शर्मा, सलज अग्रवाल, लखमशी भानुशाली, प्रकाश गांधी, तरुण अंबानी, पीयूष राठौड़, महेंद्र राजपुरिया, हरि कटारिया, प्रकाश बारमेड़ा, नितिन ढोलकिया, कुलेश सोनी, प्रकाश थारवानी शामिल हैं।




सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग- सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, फोड़ा फुंसी, कील मुहांसे, पिम्पल्स, सूजन, शीला, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर का इलाज
बवासीर - मलद्वार में मस्सा हो जाना, कभी कभी खून निकलना, कांटा चुभने जैसा दर्द, गुदा में जलन एवं खुजली होना का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक साफ न होने का इलाज

